दिनांक–09.05.2026 को माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विभागीय मुख्यालय भवन तथा MVS अधौरा/मटिहानी/नाथनगर–सुल्तानगंज एवं छातापुर से संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–

➢ **विभागीय मुख्यालय भवन निर्माण की स्थितिः–**

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यरत एजेंसी M/S Adyaraj Developers Praivated Limited के प्रतिनिधि से भवन निर्माण के धीमी के संबंध में पृच्छा की गई। कार्य में प्रगति लाने एवं गुणवत्ता के सुधार हेतु उन्हें निम्नवत् निदेश दिए गए।

- शेष बचे हुए कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु अपना Work Plan उपलब्ध कराएं।
- छत की ढलाई (Casting) से पूर्व स्ट्रक्चर इंजीनियर द्वारा साइट विजिट कर जांच नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए।
- कंक्रीट की मजबूती एवं गुणवत्ता बनाए रखने हेतु कास्टिंग के समय पॉलिथीन का उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे।
- इलेक्ट्रीक वायरिंग के लिए मानक के अनुरूप पाईप का उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे।
- पाईप प्लंबिंग के लिए मानक के अनुरूप पाईपों का उपयोग में लाना सुनिश्चित करेंगे।
- जल निकासी के लिए गुणवत्तापूर्ण पाईप का उपयोग में लाना सुनिश्चित करेंगे।
- रेनफोर्समेंट वार की लैपिंग मानक के अनुसार करना सुनिश्चत करेंगे।
- वाइडिंग वायर से सरिया को मानक के अनुसार बॉधना सुनिश्चित करेंगे।
- कास्टिंग में वाईब्रेटर का उपयोग करना सुनिश्चित किया जाए।
- मानक के अनुसार रेनफोर्समेंट स्पेसिंग करना सुनिश्चित करेंगे।
- निर्माण में गति लाने हेतु मानव बल बढ़ाने एवं डबल शिफ्ट में कार्य कराने का निदेश दिया गया।
- मानक के अनुसार बेसमेंट में वाटरप्रूफिंग का कार्य कराना सुनिश्चित करेगें। आवश्यकता पड़ने पर सिक्का/फोर्सरॉक केमिकल का उपयोग करेंगे।

अनुपालनः– संबधित अधीक्षण अभियंता/संबधित कार्यपालक अभियंता/M/S Adyaraj Developers Praivated Limited ।

- ❖ समीक्षा के क्रम में यह निदेश दिया गया कि मानसून प्रारंभ होने से पूर्व कैम्पस डेवलपमेंट का कार्य जैसे अर्थ–फिलिंग, बाउंड्री वॉल, गार्ड रूम, स्टाफ क्वार्टर विद्युत केबल के लिए ट्रेंच इत्यादि कार्यों को अगले एक सप्ताह में शुरू करें। साथ ही मानसून के दौरान बेसमेंट में जल जमाव न हो, इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम और मोटर की व्यवस्था पहले सुनिश्चित किया जाए। बेसमेंट का शटरिंग हटाने के तुरंत बाद अविलंब वाटरप्रूफिंग / पंप चैम्बर / ब्रिकवर्क / प्लंबिग / इलेक्ट्रिक का काम पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः— संबधित अधीक्षण अभियंता / संबधित कार्यपालक अभियंता / M/S Adyaraj Developers Praivated Limited ।

- ❖ कार्यरत एजेंसी को सभी अवयवों का काम ससमय पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि कार्यपूर्ण नहीं होने की स्थिति में Time Extension नियमानुसार दिया जाएगा।

अनुपालनः— संबधित अधीक्षण अभियंता / संबधित कार्यपालक अभियंता / M/S Adyaraj Developers Praivated Limited ।

➢ **<u>बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना (MVS), छातापुरः—</u>**

- ❖ कार्यपालक अभियंता, सुपौल के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से MVS छातापुर के बारे में जानकारी दी गई कि उक्त योजना से सुपौल जिला अंतर्गत छातापुर प्रखंड के 23 पंचायतों एवं 318 वार्डों के 73082 घरों को जलापूर्ति दी जानी है। वर्तमान में 23 ESR में से 10 ESR में कार्य प्रगति पर है एवं 4 ESR में जमीन Demarcation कर लिया गया है, 3 अदद में ESR हेतु जमीन अधिग्रहण शेष है एवं 6 ESR का डिजायन एवं ड्राईंग प्रगति में है। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि लगभग 335 KM पाईपलाईन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि जिला पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर जमीन अधिग्रहण शीघ्र कराना एवं सभी अवयवों के कार्य को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः—कार्यपालक अभियंता, सुपौल।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

20.05.21

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/ वि01 –1011/25-422 दिनांक– 22/5/26

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल/संबंधित संवेदक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/ वि01 –1011/25-422 दिनांक– 22/5/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/ वि01 –1011/25-422 दिनांक– 22/5/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/ वि01 –1011/25-422 दिनांक– 22/5/26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)